हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025

11 पंचायती राज संस्थान की ओर से पीआरई...



12 सरकार जहर मुक्त खेती पर कर रही फोकसः चौधरी



## खबर संक्षेप



नारनौल। समावेशी शिक्षा कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### समावेशी शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**नारनौल।** हुडा के सेक्टर एक स्थित संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा दो दिवसीय सीआरई कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुनर्वास परिषद भारत से अनुमोदित था। कार्यक्रम का मुख्य विषय समावेशी शिक्षा रहा, जिसमें देशभर से आए लगभग 50 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वकक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. विकास भटेजा, डॉ. प्रदीप, डॉ. कुसुम गुप्ता, मंगला, अनु, डॉ. शर्मिष्ठा एवं नेहा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की और विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की।

### सड़क हादसे में दादी घायल, पौती की मौत

**नारनौल।** हुडीना गांव में टैंपो की टक्कर से दादी घायल हो गई, जबकि पौती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव हुडीना में दोपहर करीब एक बजे हुए सड़क हादसे में आईटीबीपी के जवान अशोक कुमार की तीन साल की बेटी की मौत हो गई। बताया जाता है कि अगना देवी अपनी तीन साल की पौती को अपने कंधों पर बैठाकर हुडीना से रामपुरा की तरफ जा रही थी। तभी पीछे से एक टैंपो आया गया, जिसने वृद्धा को पीछे से टक्कर मारी। इससे वृद्धा नीचे सड़क पर गिर गई, जबकि बच्ची टैंपो के टायर के नीचे आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। वृद्ध महिला को अस्पताल भिजवा दिया गया।



नारनौल। आमजन की शिकायतें सुनते नगराधीश मंजीत फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविर में कुल 45 शिकायतें आईं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सोमवार व वीरवार को जिला तथा उप मंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में नगराधीश मंजीत कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 45 शिकायतें आई। नगराधीश मंजीत कुमार ने कहा कि इन समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में जो भी शिकायतें आती हैं, उनका मौके पर ही समाधान करें। इस मौके डीएसपी हरदीप अन्य मौजूद थे।



नारनौल। वाटर कूलर भेंट करने पर सम्मानित करते प्राचार्य डा. आरएन यादव। फोटो : हरिभूमि

### स्व. शर्मा की पुण्यतिथि पर वाटर कूलर भेंट

**नारनौल।** हुडा सेक्टर नारनौल निवासी अविनाश ने अपने पूज्य पिताश्री स्वर्गीय जगदीश प्रसाद शर्मा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन एवं पुनर्वास केंद्र को दिव्यांग बच्चों के उपयोग हेतु एक वाटर कूलर दान स्वरूप भेंट किया। अविनाश द्वारा यह वाटर कूलर संस्था परिसर में विधिपूर्वक स्थापित भी कराया गया, जिससे वहां अध्ययनरत एवं आश्रित दिव्यांग बच्चों को स्वच्छ एवं शीतल जल की सुविधा उपलब्ध हो सके। संस्था के प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने अविनाश व उनकी माताजी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ट्रामा सेंटर भवन तैयार, इस माह सीएम कर सकते हैं उद्घाटन!

## भवन स्वास्थ्य विभाग ने किया हैंडओवर, स्टाफ अप्रूवल का हो रहा इंतजार

- अधूरी तैयारियों के बीच 27 दिसम्बर को शुभारम्भ था होना, ठीक एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से टल गया था पूरा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ट्रामा सेंटर का शुभारंभ 18 मई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर सकते है। इसके लिए प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग से पत्राचार भी किया है। सूत्र बताते है कि इससे पहले ट्रामा सेंटर का शुभारंभ करने के लिए फाइल चली थी। उसमें शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री के हाथों करने का प्रस्ताव था। यह फाइल सीएम हाउस में ठहर गई। चर्चा है कि फाइल आगे नहीं बढ़ने का कारण ट्रामा सेंटर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री की बजाय मुख्यमंत्री के हाथों से होना है। इससे पहले ट्रामा सेंटर का शुभारंभ 27 दिसम्बर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों करवाने का प्रशासन ने प्लान बनाया था। ऐन वक्त पर एक दिन पहले 26 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया। करीब चार माह पहले ट्रामा सेंटर भवन को पीडब्ल्यू एंड बीएंडआर विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर किया था। हालांकि अभी भी यहां स्टाफ नियुक्ति को लेकर अप्रूवल नहीं मिली है। इसके पीछे स्वास्थ्य विभाग का तर्क है कि उनके पास यहां स्टाफ की कमी नहीं है। आपको बताते चले कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव की मांग पर नारनौल के नागरिक अस्पताल में ट्रामा सेंटर तथा 200 बैड का अस्पताल निर्माण करवाने की घोषणा की थी। फिर प्रदेश सरकार ने ट्रामा सेंटर के लिए लगभग 656.41 लाख रुपये की राशि मंजूर की। मगर इसका निर्माण तब कोरोना महामारी के चलते लगे लॉकडाउन में टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकी। बाद में स्थिति सामान्य होने पर न केवल पीडब्ल्यूडी ने ट्रामा सेंटर भवन का ड्राफ्ट तैयार किया, अपितु ड्राफ्ट स्वीकृत होने पर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी की गई। भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी एंड बीएंडआर विभाग की निगरानी में किया गया, जो करीब दो साल पहले कर लिया गया था।



नारनौल। ट्रामा सेंटर भवन। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन से पत्र मिला है शुभारंभ होने की इसी माह की संभावना



नारनौल। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार।

इस संबंध में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार से बताया कि ट्रामा सेंटर भवन पूरी तरह से तैयार है। हमारे यहां स्टाफ की कोई कमी नहीं है। हमारी तरफ से पूरी तैयारी है। हम सिर्फ शुभारंभ होने का इंतजार कर रहे है। प्रशासन से भी पत्र मिला है। संभावना है कि इसी माह मई में ट्रामा सेंटर का मुख्यमंत्री के हाथों शुभारंभ हो जाएगा।

### ट्रामा सेंटर में नियमानुसार यह रहेंगे 10 पदों पर 73 का स्टाफ

| पद का नाम | संख्या |
|---|---|
| जनरल सर्जन | 2 |
| हड्डी रोग विशेषज्ञ | 2 |
| एनेस्थेटिस्ट | 2 |
| कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर | 6 |
| स्टाफ नर्स | 25 |
| नर्सिंग अटेंडेंट | 13 |
| ओटी टेक्नीशियन | 5 |
| रेडियोग्राफर | 4 |
| लैब टेक्नीशियन | 2 |
| मल्टी टास्क वर्कर | 12 |

***फायर ब्रिगेड ने लगा दी थी आपत्ति :*** *पीडब्ल्यूडी एंड बीएंडआर विभाग की निगरानी में बेशक से ठेका कंपनी ने ट्रामा सेंटर का नया भवन तैयार कर दिया गया, लेकिन फॉयर ब्रिगेड ने इस पर ऑब्जेक्शन लगा दिया था, क्योंकि इसमें फायर सेफ्टी का कहीं इंतजाम नहीं किया गया था। आगजनी की घटनाओं को देखते हुए सरकार ने नए भवनों में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाना अनिवार्य किया हुआ है। फॉयर ब्रिगेड की आपत्ति के बाद पीडब्ल्यूडी ने पुनः टेंडर छोड़ा और फायर सेफ्टी सिस्टम लगाया गया। फायर सेफ्टी के पाइप अब दीवारें के अंदर नहीं, बल्कि खुले में साफ नजर आते हैं। यह भवन निर्माण एवं ड्राफ्टिंग कमेटी की अदूरदर्शिता का परिणाम कहा जा सकता है। इसके बाद ही पीडब्ल्यूडी एंड बीएंडआर ने यह ट्रामा सेंटर भवन स्वास्थ्य विभाग को सौंपा था।*

### पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ विभाग करेगा कार्रवाई

# जनस्वास्थ्य विभाग के 2 टैंक फुल, इस बार महेंद्रगढ़ में रहेगा अल्टरनेट सिस्टम

## दो अन्य टैंकों को भरने में लगेगा करीब चार से पांच दिन का समय

नहरी पानी में कटौती को देखते हुए सिंचाई विभाग ने जनस्वास्थ्य विभाग में पहले करेगा पेयजल आपूर्ति, छोटी नहरों व जलघरों में नहीं छोड़ा जाएगा नहरी पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- तीन दिन से नहर में चल रहा है करीब 650 क्यूसेक पानी

भाखड़ा नहर को लेकर पंजाब के साथ चल रहे विवाद का असर जिले पर भी पड़ रहा है। अभी जिला को 350 क्यूसेक पानी कम मिला रहा है। नहरी पानी में कटौती के चलते इस बार शहर में अल्टरनेट सिस्टम रहेगा। वहीं बढ़ती गर्मी में शहर के एक दिन छोड़कर एक दिन पानी मिलने के कारण लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लगातार दो दिन से 650 क्यूसेक पानी मिलने के बाद जनस्वास्थ्य विभाग ने अपने दो टैंक फुल कर लिए है। अन्य दो टैंक को भरने में अभी भी चार से पांच दिन का समय लगेगा। बता दें कि एक अप्रैल को जवाहरलाल कैनाल में पानी आया था, लेकिन पानी की गुणवत्ता सही होने नहीं होने के कारण जनस्वास्थ्य विभाग के जलघरों में नहीं पहुंचाया। वहीं रविवार को नहर में 300 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जो शाम को ही बंद हो गया। मंगलवार से नहर में 650 क्यूसेक पानी चल रहा है।



महेंद्रगढ़। जवाहरलाल कैनाल में चलता नहरी पानी। फोटो : हरिभूमि

### इस बार शहर में रहेगा अल्टरनेट सिस्टम

नहरी पानी में कटौती को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर में अल्टरनेट सिस्टम रखने का निर्णय लिया है। जनस्वास्थ्य विभाग ने साढ़े सात लाख करोड़ लीटर की क्षमता के टैंक नंबर एक तथा साढ़े सात लाख करोड़ लीटर की क्षमता के टैंक नंबर दो को भर दिया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मानें तो 15 मई तक नहर में नियमित रूप पानी चलेगा। ऐसे में 4 करोड़ लीटर की क्षमता के टैंक नंबर तीन और 5 करोड लीटर की क्षमता के टैंक नंबर चार ही भर पाएंगे। इसके बाद 16 दिन बंद तक नहर बंद रहेगी। ऐसे जनस्वास्थ्य विभाग के लिए शहर में रेगुलर सप्लाई करना मुश्किल होगा।

### एक निगरानी टीम भी बनाई गई

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ जियाराम ने बताया कि टैंक नंबर एक व दो फुल हो चुके हैं। चार से पांच दिन में अन्य दो टैंक भी फुल हो जाएंगे। नहरी पानी में हुई कटौती के चलते इस बार शहर में अल्टरनेट सिस्टम रहेगा। पानी की बबार्दी करने वालों के खिलाफ अब कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए एक निगरानी टीम भी बनाई गई है, जो आपूर्ति के समय शहर में जांच करेगी।

### 15 तक नियमितनहर में पानी आने की उम्मीद

सिंचाई विभाग के एसडीओ सुरेंद्र जांगड़ा ने बताया कि लगातार दो दिन से नहर में करीब 650 क्यूसेक पानी चल रहा है। 15 मई में शहर में नियमित रूप में पानी आने की उम्मीद है। पहले जनस्वास्थ्य विभाग को नहरी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला की 65 नहरें, 37 बड़े जलघरों व नहरों से जुड़े 427 जोहड़ों में पानी रोक दिया गया है, ताकि शहर को पेयजल किल्लत का सामना न करना पड़े।



नारनौल। निरीक्षण के दौरान नागरिक अस्पताल में मरीजों से बातचीत करते निदेशक डा. वीरेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

# अटेली और कनीना में जल्द ही शुरू होगी एफआरयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) पंचकूला के निदेशक (एमसीएच) डॉ. वीरेंद्र यादव ने वीरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली व नारनौल में जिला नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता, अधोसंरचना एवं प्रबंधन व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने अटेली व कनीना में जल्द ही एफआरयू (फस्ट रेफरल यूनिट) शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अगले माह फिर से निरीक्षण करने की भी बात कही। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र ही एफआरयू के रूप में सुसज्जित किया जाए।

### नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

डॉ. वीरेंद्र यादव ने नागरिक अस्पताल में नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर भवन, आपातकालीन विभाग, मैटरनिटी विभाग, डायलिसिस यूनिट, लैब एवं ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को उन्होंने एक माह के भीतर सुधारने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आईडीएसपी स्क्रीनिंग की समीक्षा, अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार तथा बिजली की लटकती तारों को शीघ्र ठीक करने के भी आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान जिले में क्रियान्वित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे एनएचएम, रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवा, आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, गुणवत्ता नियंत्रण, पीएनडीटी, एफआरयू, परिवार नियोजन व टीबी नियंत्रण की समीक्षा की गई। इस मौके पर सीएमओ डा. अशोक कुमार, डीपीएम संदीप यादव सहित अनेक विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने किया कन्या की शादी में आर्थिक सहयोग

**नारनौल।** सामाजिक संस्था नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने संस्था की मुहिम गरीब सुकन्या विवाह कन्यादान के अंतर्गत कन्यादान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने की। कार्यकम संयोजक डा. शिवकुमार, अनिल शर्मा ने की। इस समारोह में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी विजय रहीश थे। संस्था की ओर से मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरुप पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। मनीष गोगिया ने बताया कि अभी तक सभी साथियों व सहयोगियों के सहयोग से लगभग 450 कन्यादान किया जा चुके है। संस्था की मुहिम आपातकालीन रक्तसेवा में रक्त का प्रबंध भी प्राथमिकता रहती है। इस मुहिम में लगभग 2000 युवाओं का साथ रहता है। आज एक बार फिर संस्था के भाई बहनों ने मिलकर अपना फर्ज निभाते हुए बहन को कन्यादान में 51 बर्तन का सेट, पंखा, मिक्सी, हॉट केस, प्रेस, बॉटल, थर्मस, ट्रे सेट, घड़ी, बॉटल सेट, सूट साड़ियां, पैंट शर्ट, अटैची, सीनरी, लेडीज पर्स, डबल बेड शीट, वाटर कैम्पर, कुकर व 501 का सहयोग किया। मौके पर मनीष गर्ग, प्रवेश जांगिड़, सुनील गोयल, कुणाल शुक्ला, अनिल शर्मा, मनीष गोगिया, सुनील शर्मा, संदीप जैन, डा. प्रदीप कुमार, सुनील शर्मा, विजय रहीश, देव शर्मा आदि मौजूद थे।



नारनौल। शादी में दिए जाने वाले सामान के साथ संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# अटेली हलके की मांगों को लेकर निकाली न्याय यात्रा

- क्षेत्र के सभी 104 गांवों में जाकर राज्य सरकार पर मांगों को पूरा करने के लिए दवाब बनाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अटेली क्षेत्र की न्यायोचित मांगों को लेकर बसपा नेता अतरलाल ने वीरवार को गणियार गांव से अटेली न्याय यात्रा का शुभारम्भ किया। यात्रा का बजाड़, चंदपुरा व सुजापुर गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। अटेली न्याय यात्रा के नेता व संयोजक अतरलाल ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार विकास कार्यों, रोजगार, बिजली व नहरी पानी में अटेली विधानसभा क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अटेली को उपमंडल, दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाने, हलका में आईएमटी स्थापित करने, अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम, खेल विश्वविद्यालय बनाने तथा पूरा नहरी पानी देने जैसी अनेक मांगों को पिछले 10 वर्षों से टाल रही है। जिसके कारण ग्रामीणों में रोष है। इसलिए राज्य सरकार से अटेली की न्यायोचित मांगों को तत्काल पूरा करवाने के लिए अटेली न्याय यात्रा का शुभारम्भ किया है। एक महीने तक चलने वाली यात्रा अटेली विधानसभा क्षेत्र के सभी 104 गांवों में जाकर राज्य सरकार पर मांगों को पूरा करने के लिए दवाब बनाएगी।



नारनौल। अटेली न्याय यात्रा का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### यह रखी मांग

अटेली खंड के प्रधान शेरसिंह यादव ने राज्य सरकार से अटेली के सरकारी अस्पताल को फर्स्ट रेफरल यूनिट का दर्जा देने व विशेषज्ञ डॉक्टरों के सभी पदों को भरने, दवाईयों की कमी पूरी करने, सभी जांचों के लिए मशीनों व लैब की सुविधा बढ़ाने की मांग की। इस मौके पर कर्मपालए धर्मराज, सोनू कुमार, भूपेन्द्र, शोभाराम, सुमेर सिंह, होशियार सिंह, राजेन्द्र, बलबीर, सतपाल, विक्रम, दयानंद, पवन कुमार, लालसिंह, रामनिवास, सतनारायण, रमाकांत, लक्ष्मण, बीरसिंह, महेन्द्र, महावीर, जसवंत, मैनपाल, राजकुमार, रमेश, अजीत, गुरुबचन, ऋषिराज, सत्यदेव, सुशील, सरजीत, कर्णसिंह, संपत, अशोक, राजेश, नरेन्द्र, राजेन्द्र, छाजूराम, समशेर सिंह, कैलाश सेठ, सांवत सिंह आदि मौजूद थे।

## चयनितों की काउंसलिंग व डॉक्यूमेट वेरिफिकेशन 10 मई को होगा

# मिशन बुनियाद लेवल: तीन परीक्षा का परिणाम जारी 203 विद्यार्थियों को मिलेगा योजना का लाभ

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मिशन बुनियाद योजना बनाई

- नौवीं व 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मिशन बुनियाद के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए चयनित हुए विद्यार्थियों की काउंसलिंग 10 मई को राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होगी।

जिले के 203 चयनित विद्यार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। प्रदेश सरकार ने राजकीय विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मिशन बुनियाद योजना बनाई है। शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार 16 अप्रैल को जिले में मिशन बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसके तहत 203 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद कार्यक्रम के लिए किया गया है। हरियाणा सरकार व विकल्प फाउंडेशन की ओर से चलाया जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2022 में की गई थी।

पूरे हरियाणा मे शिक्षा विभाग की ओर से इस योजना के तहत नौवीं व 10वीं कक्षा के 5000 से अधिक विद्यार्थी 103 केंद्रों मे कुल 206 कक्षा केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मिशन बुनियाद के अंतर्गत नौवी व 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों के बीच में एक स्वतंत्र, सकारात्मक और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ाना है। बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट व बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता दिया जाता है। महेंद्रगढ़ जिले में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली व कनीना को शिक्षा विभाग की ओर से बुनियाद केंद्र बनाया गया है।

### क्या कहते हैं जिला विज्ञान विशेषज्ञ

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि वर्तमान सत्र 2025-27 के लिए नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के चयन हेतु खण्ड व जिला स्तर पर बुनियाद के तीनों लेवल की परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। महेंद्रगढ़ जिले के 203 चयनित विद्यार्थियों की बुनियाद केंद्रों में दाखिले के लिए काउंसलिंग राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में 10 मई को होगी। ये सभी विद्यार्थी इस समय नौवीं कक्षा में जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं।

### अधिकारियों को दिए निर्देश



संतोष कुमार


हरियाणा शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सभी चयनित विद्यार्थियों के विद्यालय मुख्याओं को खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों का सभी जरूरी दस्तावेज संबंधित स्कूल से लेकर मिशन बुनियाद के काउंसलिंग प्रोग्राम में शामिल होना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

*- संतोष कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी।*

### विद्यार्थियों को ये लेकर आना होगा

- विद्यार्थियों को अपना साथ स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट
- अपना और अभिभावकों का आधार कार्ड
- मिशन बुनियाद का लेवल-3 का परिणाम
- दो पासपोर्ट साइज फोटो
- परिवार पहचान पत्र।

### मोखूता के अजीतपाल सेना में बने कर्नल



नारनौल। अपने माता–पिता के साथ कर्नल अजीतपाल। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** मोखूता के अजीतपाल ने भारतीय सेना की आर्म्ड रेजिमेंट में कर्नल के पद पर पदोन्नति हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इससे ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने अपनी शिक्षा आर्मी स्कूल रुड़की से पूरी की और वर्ष 2005 में एनडीए के माध्यम से सेना में भर्ती हुए थे। इस प्रशिक्षण के बाद देश में विभिन्न जगहों पर तैनात रहे और हाल में राजस्थान में तैनात है। अजीतपाल के पिता सूबेदार धर्मपाल यादव भारतीय सेना में वॉलीबाल प्रशिक्षक थे और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अजीतपाल वॉलीबाल के होनहार खिलाड़ी हैं और उनके पिता भी भारतीय सेना मे वॉलीबाल प्रशिक्षक थे। अजीतपाल की पदोन्नति से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# पंचायती राज संस्थान की ओर से पीआरई सदस्यों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में किया जागरूक

## पेयजल की बर्बादी रोकें, जरूरत के मुताबिक इस्तेमाल करें पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय कनीना में पंचायती राज संस्थान की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कनीना खंड की ग्राम पंचायत पंचों को उनके कर्तव्य एवं अधिकारों सहित पंचायती राज व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है, साथ ही जल जीवन मिशन संबंधित पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव संबंधित प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। पहले दिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार मंगतू राम सरसवा ने मुख्यातिथि के रूप में सिरकत की। वहीं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मुख्य प्रशिक्षक अनिल शर्मा उपस्थित रहे।जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि जल प्रबंधन व स्वच्छता को अपनाते हुए जल जीवन मिशन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियो और ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की अहम भूमिका है। इसलिए पंचों और समिति को अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हुए कार्य करने की जरूरत है, ताकि पेयजल के उचित प्रयोग के साथ उसकी स्वच्छता बनी रहे। साफ पानी प्राप्त करना सभी का अधिकार है और पानी को साफ करना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित ग्राम पंचों से आग्रह किया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए वे अपने अपने संबंधित वार्ड में जल संरक्षण अभियान चलाएं। उपभोक्ताओं से घर घर जाकर पेयजल के संरक्षण व नलों पर टोंटियां लगाने के लिए प्रेरित करें, ताकि हर घर को बराबर पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार ही पेयजल का प्रयोग करें, जल संरक्षण के छोटे छोटे तरीकों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। पीने के पानी से अगर कोई व्यक्ति अपनी बाड़ी सिंचता है तो ऐसे लोगों के नाम दर्ज कर विभाग को दें, ताकि उन पर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जा सके। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पीने के लिए पानी मुहैया करवता है, इस पानी से खेती की सिंचाई न करें। यदि कोई व्यक्ति जानबूझ कर पेयजल व्यवस्था को बाधित करता है, तो ऐसे व्यक्ति के खिलाफ होने वाली पंचायती या विभागीय कारवाई के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। पेयजल से संबधित समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 18001805678 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।


नारनौल। संचालन पुस्तिका वितरित करते विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ग्राम पंचों की भूमिका पर डाला प्रकाश

मुख्य प्रशिक्षक अनिल शर्मा ने ग्राम पंचायत में ग्राम पंचों की भूमिका व जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांव की सरकार चलाने व ग्राम विकास में सरपंच के साथ साथ पंचों की भूमिका सबसे अहम होती है। इसलिए ग्राम विकास के लिए सभी पंचों को एकमत होकर फैसले लेने की जरूरत है। साल में होने वाली प्रत्येक ग्राम सभा में पंच अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर जनहित में फैसले लें, ताकि गांव का तेजी से विकास हो सके। वहीं खंड संसाधन संयोजक मोहित कुमार ने पेयजल गुणवत्ता फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जीवाणु परीक्षण एवं क्लोरीन अवशेष जांच विधि समझाई। सभी पंचों को जीवाणु परीक्षण किट व संचालन पुस्तिका भी वितरित की। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक अनिल शर्मा, जिला संचालन प्रबंधक रेनू कुमारी, इसराना, झाड़ली, झगडौली, झिगावन, गोमला, गोमली, गुढ़ा, कैमला, करीरा व ककराला के पंच मोजूद थे

### सेल्फ हेल्प ग्रुप जाचेगी पानी की गुणवत्ता

जिला सहलाकार मंगतुराम सरसवा ने ग्रामीण क्षेत्र में सेल्फ हेल्प ग्रुप की मिका पर प्रकाश डालते हुए सभी पंचों से कहा कि वे अपने अपने ग्राम पंचायत की ग्राम जल एवं सीवरेज समिति में एक स्वयं सहायता समूह की महिला को शामिल करें, ताकि वे गांव में पेयजल की क्लोरिन जांच संबंधित कार्य कर सके। विभाग की ओर से ऐसी महिला को एक दिन में तीन सैंपल जांचने के 30 रुपये प्रदान किए जाएंगे। एक महिला एक महीने में अधिकतम 75 सैंपल जांच सकती है। साथ ही पेयजल के बिलों को एकत्रित करना, लीकेज संबंधित समस्या का समाधान, नये कनेक्शन प्रदान करने का काम भी रजिस्टर स्वयं सहायता समूह की महिला ही करेगी।

## जांच जरूर करवानी चाहिए: डा. संदीप

**नारनौल।** वीरवार को कौमार भृत्य एवं बाल रोग विभाग की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर में छात्रों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर बालरोग विशेषज्ञ डा. संदीप गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के शिविर में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करवानी चाहिए। इस प्रकार के शिविर छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के कक्षानुसार सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों की टीम ने शिविर में वजन, लंबाई, दन्त परीक्षण व नेत्र जांच की तथा सामान्य बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। इस शिविर में डा. अनुकृति गौड़, इंटर्न अध्येता डा. मुस्कान, डा. एकता व सहायक हरीश मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


**महेंद्रगढ़।** खुशी जताते एबीवीपी केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई सदस्य।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद निकाली पदयात्रा

**महेंद्रगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा की गई प्रमुख कार्रवाई आपरेशन सिंदूर की सराहना एवं समर्थन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पदयात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के डीन आफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर आनंद शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए शुभकामना दी और कहा कि केवल सरकार द्वारा जारी की गई प्रामाणिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा किसी भी भ्रामक या गुमराह करने वाली खबरों से बचें। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तृप्ति सैनी ने कहा कि भारतवासियों ने कश्मीर को सदा अपना ताज माना है और आतंकवादियों ने उस ताज को हिलाने की कोशिश की है, लेकिन हमारे वीर सैनिकों ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकवाद को एवं उसे पनाह देने वाले देश पाकिस्तान को यह सबक सिखाया कि यह नया भारत है।

## रेडक्रॉस भवन में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस, लोगों ने उत्साह से लिया भाग

# एक दिन में रिकॉर्ड 28 लोगों ने ग्रहण की रेडक्रॉस की आजीवन सदस्यता

### रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट के जन्म दिवस पर रेडक्रॉस दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त एवं रेडक्रॉस समिति के प्रधान डा. विवेक भारती व जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव बलवान सिंह के मार्गदर्शन में वीरवार को रेडक्रॉस भवन में रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट के जन्म दिवस पर रेडक्रॉस दिवस मनाया। कार्यक्रम में सहायक सचिव एआरटीए बृजभूषण मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. एसपी सिंह ने की। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि जॉन हेनरी एक स्विस व्यवसायी और मानवतावादी थे। उन्होंने 1859 में सोलफेरिनो के युद्ध में घायलों की सहायता के लिए एक संगठन बनाने की कल्पना की, जो रेडक्रॉस आंदोलन की शुरूआत थी। रेडक्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो दुनिया भर में मानवतावादी कार्य करता है, विशेषकर युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के समय में यह घायलों व पीड़ितों की सहायता करता है। सर्वप्रथम ध्वजारोहण, झंडा गीत व शपथ के बाद डिविजनल कमांडर टेकचंद यादव रेडक्रॉस संस्था के संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट के जीवन पर प्रकाश डाला तथा रेडक्रॉस के कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के ब्रिगेड ऑफिसर्स की आपदा प्रबंधन के लिए मॉक ड्रिल संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी प्रारंभ किया। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के विभिन्न कार्य जिनमें उपलब्ध साधनों का प्रयोग कर पीड़ित को प्राथमिक सहायता देना तथा अस्पताल तक पहुंचने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। वन हैंड शीट, टू हैंड शीट, थ्री हैंड शीट, फॉर हैंड शीट आदि की मॉक ड्रिल भी करवाई गई। डा. एसपी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जीके हॉस्पिटल के संचालक डा. मोहित खोश्या, गौरव खोश्या, संदीप खोश्या सहित एक दिन में कुल 28 व्यक्तियों ने रेडक्रॉस की आजीवन सदस्यता ग्रहण की, जो कि एक रिकॉर्ड है।




**नारनौल।** रेडक्रॉस भवन में रेडक्रॉस की आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र के साथ डा. गौरव व अन्य। व ट्राईसाइकिल के साथ दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### सहायक उपकरण वितरित किए

कार्यक्रम में डा. जितेन्द्र भारद्वाज, राजेश यादव व विजय सिंह ने भी रेडक्रॉस संस्था पर अपने विचार प्रकट किए तथा डीपी रमेश कुमार ने एक गीत सुनाया। इस अवसर पर रेडक्रॉस की ओर से संचालित प्रधानमंत्री दिव्यांग केन्द्र की ओर से दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकजनों को दो मोटराईज तिपहिया साइकिल, दो ट्राई साइकिल, 12 कान की मशीन, पांच स्टीक, नौ कम्बोड व्हील चेयर व 35 अन्य कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण प्रदान किए। टीबी कोऑर्डिनेटर शोभा के प्रयास से 40 टीबी मरीजों को पोषण कीट प्रदान की गई।

### राजकीय महाविद्यालय में मनाया विश्व रेडक्रॉस

महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में विद्यार्थियों को विश्व रेड क्रॉस दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि यह दिवस हर वर्ष आठ मई को मानवता, करुणा और सेवा की भावना को समर्पित रूप में मनाया जाता है। रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो विश्वभर में आपदाओं, युद्धों, महामारियों एवं अन्य संकटों के समय पीड़ति मानवता की सेवा में समर्पित रहती है। उन्होंने कहा कि यह दिवस रेडक्रॉस संस्था और इसके समर्पित कार्यकतार्ओं के अविस्मरणीय योगदान को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम की संयोजिका एवं महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव ने विश्व रेडक्रॉस दिवस 2025 की थीम मानवता को जीवित रखना पर विस्तृत प्रकाश डाला।


**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में कार्यक्रम आयोजित



मंडी अटेली। राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली द्वारा वीरवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम संयोजक नीलम भारती ने छात्राओं को मानवता को जीवित रखना वर्ष 2025 की थीम के बारे में बताया तथा साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना व इतिहास तथा सर हेनरी ड्यूनेंट जिन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना की उनके योगदान के बारे में बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव ने छात्राओं को विश्व रेडक्रॉस के बारे में बताते हुए कहा कि यह दुनियाभर में आपात स्थितियों, आपदाओं और संघर्षों के दौरान सहायता और राहत प्रदान करता है। हमें मानवीय मूल्यों के महत्व को पहचानते हुए एक दयालु तथा देखभाल करने वाली दुनिया के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उसके बाद छात्राओं ने रेडक्रॉस सोसायटी से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए और छात्राओं को फर्स्ट एड और सीपीआर से संबंधित वीडियो दिखाई गई। मौके पर प्रो. मनोज, प्रो. संदीप, प्रो. मंजू बाला, मोहित मौजूद रहे।

### राजकीय महाविद्यालय सिहमा में निकाली जागरूकता रैली



मंडी अटेली। राजकीय महिला महाविद्यालय सिहमा में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया, जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर पर उन्होंने रेडक्रॉस के सिद्धांत हेल्थ, सर्विस एंड फ्रेंडशिप के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया एवं उन्हें मानवता के प्रति सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह दिन उस महान व्यक्तित्व हेनरी ड्यूनेंट की याद में समर्पित है, जिनका जन्म आठ मई 1828 को हुआ था। उन्होंने रेडक्रॉस की स्थापना कर मानवता की सेवा के लिए एक ऐसा मार्ग प्रशस्त किया, जो आज भी अनगिनत जिंदगियों को नई उम्मीद और राहत देता है। वह एक स्विस मानवतावादी, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता और रेडक्रॉस के संस्थापक थे। महाविद्यालय की छात्रा नेहा ने सर हेनरी ड्यूनेट के जीवन के बारे में महत्वपूर्ण बाते बताई एवं छात्रों को रेडक्रॉस क्लैप भी करवाई। उसके बाद सभी छात्र छात्राओं ने मानवता के लिए रेडक्रॉस, हर संकट में रेडक्रॉस का नारा लगाते हुए रैली भी निकाली। इस मौके पर प्रवीण यादव के अलावा अन्य स्टाफ उपस्थित था।

### पीजी कॉलेज में रेडक्रॉस का महत्व बताया



नारनौल। राजकीय महाविद्यालय में रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के सानिध्य, राज्य रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डा. पूर्ण प्रभा के दिशा निर्देशन में कार्यवाहक प्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर की अध्यक्षता में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाने का सबसे बड़ा औचित्य व महत्व रेडक्रॉस संगठन के सिद्धांतों, मिशन और गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में इसकी भूमिका में निहित है। यह दिवस संकट के समय में मानवता, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है।


**नारनौल।** ओपन जिम का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## स्वस्थ जीवनशैली और सतत विकास की दिशा में सिंघानिया विवि का अनूठा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिंघानिया विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक और पर्यावरणीय पहल करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय चेयरमैन रवि सिंघानिया, सोनल सिंघानिया और विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार उपस्थिति रहे। यह ओपन जिम छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय निवासियों के लिए खोला गया है, जिससे फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। कैंपस डायरेक्टर प्रो. पीएस जस्सल ने कहा कि सिंघानिया यूनिवर्सिटी हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देती रही है। यह ओपन जिम छात्रों की मानसिक और शारीरिक मजबूती को एक नई दिशा देगा। सिंघानिया संस्था ने भामाशाह की भूमिका निभाते हुए पंडित ताड़केश्वर शर्मा राजकीय विद्यालय पचेरी बड़ी में ग्रीन एनर्जी सोलर प्लांट का उद्घाटन किया गया, जिससे विद्यालय की ऊर्जा आवश्यकता को पर्यावरण अनुकूल तरीके से पूरा किया जा सके। चेयरमैन रवि सिंघानिया और उनकी पत्नी सोनल सिंघानिया और संस्था के प्रतिनिधियों का एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें ग्रामीण शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। रवि सिंघानिया ने कहा कि विद्यालय को सौर पैनल दान करने की यह पहल ग्रामीण बच्चों को स्वच्छ और सतत ऊर्जा की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। यह संस्थान की नई सोच और नई दिशा का प्रतीक है, जो केवल अकादमिक विकास नहीं बल्कि सामाजिक उत्थान को भी अपना कर्तव्य मानता है। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सिंघानिया विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों को जोड़ने में विश्वास रखती है। आज का दिन इस सोच का जीवंत उदाहरण है। हम भविष्य में भी ऐसी पहलों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर मुख्य वित्त अधिकारी सुनील कुमार सोबती, प्रधानाचार्य, ग्राम सरपंच सविता बोहरा, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बोहरा आदि मौजूद रहे।

## समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रहे नायब सिंह सैनी: यतेंद्र राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


यतेन्द्र राव, भाजपा जिलाध्यक्ष

■ मोहन लाल हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए रहते हैं तैयार

भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों का किस प्रकार विकास हो, इस पर भारतीय जनता पार्टी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में कहा था साथ सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास, समस्त भारत को प्रगति के पथ पर एक साथ लेकर चलना यह भाजपा का विजन रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि हरियाणा में पिछले लगभग 11 साल में आपने देखा होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक हरियाणवी एक इस नारे के ऊपर काम करते हुए पूरे प्रदेश का समान विकास किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी नई योजनाएं लेकर आ रहे हैं।

## ज्ञानानंद महाराज पहुंचे खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज

■ चिकित्सा क्षेत्र में गीता के महत्व पर दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। गीता का महत्व विषय पर व्याख्यान देते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद। फोटो : हरिभूमि

बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा में वीरवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आगमन हुआ। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने संस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में गीता का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महाविद्यालय के चिकित्सकों व बीएएमएस के विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया तथा मन व चिकित्सा के संबंध का भी गहराई से विवरण दिया। इस कार्यक्रम में सभी ने मिलकर यह प्रण लिया कि हम गीता जी के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और समाज के कल्याण के लिए कार्य करेंगे।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास गुज्जरवार ने बताया कि संस्थान में गीता को आत्मसात करने के उद्देश्य से प्रतिदिन गीता के एक श्लोक पर चिंतन किया जाता है। इस कार्यक्रम के बाद अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक पंकज कौशिक ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज को संस्थान में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से यह संस्थान क्षेत्र में आमजन को चिकित्सा लाभ पहुंचा रहा है। यहां जोड़ों के दर्द, पेट के रोग, नेत्र रोग, गठिया, महावारी, शुगर, बीपी का ईलाज विशेषज्ञ चिकित्सक की ओर से किया जाता है। अंत में उन्होंने महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ की तरफ से महाराज के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर महाविद्यालय के चिकित्सकों, समस्त स्टॉफ व विद्यार्थियों को गीता एवं आयुर्वेद के ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने पर धन्यवाद व्यक्त किया। महाराज जी के शब्दों में एक ऐसी शक्ति है, जो आत्मा को जागृत कर जीवन को एक नई दिशा प्रदान करती है।

## प्रथम दिवस आचार्य बजरंग शास्त्री ने भक्तों को कथा का महत्व बताया

# अग्रवाल सभा में श्रीमद्भागवत कथा आरम्भ, निकाली कलश यात्रा

### मंदिर से घोड़ी बग्गी, बैण्ड बाजे, राधाकृष्ण की मनमोहक झांकी, ध्वजा से युक्त भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** श्रीमद्भागवत कथा से पुर्व कलश यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

नई मंडी अग्रवाल सभा भवन में आयोजक हनुमान प्रसाद अग्रवाल व समस्त मंगल परिवार की ओर से आठ मई से 14 मई तक आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व वीरवार को कलश यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम मुख्य यजमान हनुमान प्रसाद अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, महावीर अग्रवाल व समस्त मंगल परिवार से आचार्य मनीष शास्त्री, अशोक, राघव शास्त्री, जितेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा ने विधिविधान से श्रीगणपति पूजन, कलश, नवग्रह व पितरों का पूजन करवाया। सभी कलश सहित ठाकुर जी का भी पूजन किया गया। आचार्य बजरंग शास्त्री ने कलश यात्रा का शुभारम्भ करवाया। मंदिर से घोड़ी बग्गी, बैण्ड बाजे, राधाकृष्ण की मनमोहक झांकी, ध्वजा से युक्त भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर जाकर सम्पन्न हुई।

इसके बाद सर्वप्रथम मुख्य यजमान ने भागवत जी का पूजन करवाकर भागवत जी को विराजमान किया। व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त कर भागवत आचार्य बजरंग शास्त्री का पूजन किया। कथा के आयोजक हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक आचार्य बजरंग शास्त्री भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। कथा आयोजक विपिन अग्रवाल ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से इस धार्मिक आयोजन में सपरिवार आकर कर भाग लेने की अपील की। प्रथम दिवस की कथा में आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि भागवत की कथा सहजता में मिलना बहुत कठिन है, जीव के जब बहुत जन्मों के पुण्य उदय होते है तब श्रीमद्भागवत कथा की प्रप्ति होती है। भागवत की कथा धन्य है, जो कष्टों को दूर करने वाली है, जो जीव श्रद्धा और विश्वास के साथ इसकी कथा को श्रवण करता है, प्रभु उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर हनुमान प्रसाद अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राजेश चौधरी, रजत चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, लोकेश चौधरी, विकास गोयल, जीतेन्द्र अग्रवाल, अनिल गोयल, संजय अग्रवाल, अशोक गोयल, महेश केडिया, सुरेश केडिया, मुकुट बिहारी, सीला देवी, हिमानी अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, ऋतु गोयल, प्रीति अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



नारनौल। यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थी।

### विश्वविद्यालय मेरिट में छात्रा भारती प्रथम

**नारनौल।** हरियाणा विश्वविद्यालय से अब विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट तक में यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट में एमएससी फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर की छात्रा भारती पुत्री शिव कुमार ने प्रथम, भावना पुत्री कर्ण सिंह ने छठा स्थान, शिक्षा पुत्री रिंकू बाबू के 10वां स्थान प्राप्त किया है। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि उन्होंने जो बचपन में असुविधाओं का अभाव महसूस किया था, उसकी सोच थी कि आने वाली पीढ़ी के जीवन में उन अभावों की कमी न रहे इसलिए संकल्प लेकर शिक्षा के एक पौधें की परवरिश कर शैक्षणिक क्षेत्र में नौजवानों के भविष्य को सुदृढ़ करने में अपना जीवन समर्पित किया है। संस्था निदेशक सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, उपप्राचार्या सोनल यादव नें छात्राओं को बधाई दी।



महेंद्रगढ़। शिविर में लोगों की समस्या सुनते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम अनिल कुमार यादव ने आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। एसडीएम ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकतर का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति के लिए समय-सीमा तय की गई।

### दी एनआईआईटी बना हारट्रॉन का एडवांस्ड स्किल सेंटर

**नारनौल।** आईटीआई ब्वाय में मंगलवार को दी एनआईआईटी हरियाणा सरकार की प्रतिष्ठित संस्था हारट्रॉन (हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) की ओर से छात्रों को तकनीकी शिक्षा देने के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। प्रशिक्षक मीनाक्षी राय ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए नई सराय में स्थित दी एनआईआईटी को हरियाणा सरकार की प्रतिष्ठित संस्था हारट्रॉन की ओर से एडवांस्ड स्किल सेंटर के रूप में अधिकृत किया गया है।



महेंद्रगढ़। शिक्षक एवं प्रतिभागी कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के साथ।

### हकेंवि में केंद्रित भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत आने वाले आईईईई विद्यार्थी शाखा की ओर से दैनिक जीवन में महिलाओं के योगदान पर केंद्रित शीस्पीक्स नामक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि समाज को आकार देने में महिलाओं की भूमिका सदैव ही महत्त्वपूर्ण रही हैं। विश्वविद्यालय में स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. विकास गर्ग ने विवि कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय प्रयास है। विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आकाश सक्सेना ने विभाग और आईईईई डब्ल्यूआईई एफिनिटी ग्रुप द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना की।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस : 3 लाख से कम इनकम वाले थैलेसीमिया रोगियों को प्रति माह मिलती 3 हजार की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेते निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव।

थैलेसीमिया का ईलाज अब नागरिक अस्पताल नारनौल में भी हो रहा है। पहले इसके इलाज के लिए रोहतक रेफर किया जाता था। फिलहाल जिला महेंद्रगढ़ में थैलेसीमिया के कुल 12 मरीज हैं जिसमें छह महिला और छह पुरुष हैं। नागरिक थैलेसीमिया की जांच अवश्य कराएं। इस रोग की जागरूकता के लिए आगामी 15 मई तक थैलेसीमिया सप्ताह मनाया जाएगा। विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जानकारी देते डॉ जितेन्द्र यादव मेडिसन स्पेशलिस्ट ने बताया कि पिछले एक साल से नारनौल में इस रोग का इलाज किया जा रहा है। सरकार द्वारा कई तरह की मुफ्त सुविधा दी जाती हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट, महिलाओं और उनके जीवनसाथी के लिए एचपीएलसी परीक्षण आदि सुविधा दी जाती हैं। हरियाणा का मूल निवासी जिसकी आय तीन लाख से कम हो, ऐसे थैलेसीमिया रोगियों को तीन हजार प्रति माह की वित्तीय सहायता भी दी जाती है।

***क्या है थैलेसीमिया :*** *यह एक विरासत में मिला रक्त विकार है जो माता-पिता से बच्चों तक फैलता है। थैलेसीमिया रोग कई प्रकार के होते हैं और इसका उपचार इसके प्रकार और गंभीरता पर निर्भर करता है। इस बीमारी में शरीर की हीमोग्लोबिन और लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने की क्षमता प्रभावित होती है या हम कह सकते हैं कि थैलेसीमिया रोग से पीड़ित व्यक्ति में कुछ लाल रक्त कोशिकाएं होंगी और बहुत कम हीमोग्लोबिन होगा। इसका प्रभाव हल्के से लेकर गंभीर और यहां तक की जानलेवा भी हो सकता है। यह बीमारी भूमध्यसागरीय, दक्षिण एशियाई और अफ्रीकी वंश के लोगों में सबसे आम है।*

### सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने दिशा बैठक में की केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा

# सरकार जहर मुक्त खेती पर कर रही फोकसः चौधरी धर्मबीर सिंह

- नई शिक्षा नीति का मकसद विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल ज्ञान देना
- एक सप्ताह में सरकारी स्कूलों की ढांचागत सुविधाओं की रिपोर्ट देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। दिशा की बैठक लेते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि सरकार जहर मुक्त खेती पर जोर दे रही है। अधिकारी प्रगतिशील किसानों के खेतों की विजिट कराकर अन्य किसानों को भी प्रोत्साहित करें। सांसद वीरवार को पंचायत भवन में केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित दिशा की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि अब समय आ गया है कि परंपरागत खेती की बजाए आर्गेनिक खेती को अपनाया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार व नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार इस पर विशेष फोकस कर रही है। समग्र शिक्षा की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि सरकार ने अब नई शिक्षा नीति लागू की है। इस नीति का मकसद विधार्थियों को प्रेक्टिकल ज्ञान देना है। यह नीति युवाओं को रोजगार देने में सहायक होगी। इसके अलावा उन्होंने सरकारी स्कूलों की ढांचागत सुविधाओं के बारे में एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि अब कोई भी पात्र नागरिक आवास प्लस एप पर खुद ही सर्वे कर सकता है। जिले के 1239 लोगों ने खुद का सर्वे किया है। अगर उसका निर्धारित 10 पैरामीटर पर दावा सही पाया जाता है, तो उसे मकान बनाने के लिए 1.33 लाख रुपये व 12 हजार रुपये अलग से शौचालय के लिए दिए जाते हैं। जिले में अब तक 1190 लाभार्थियों को स्वीकृति के बाद पहली किस्त दी जा चुकी है। स्वच्छ भारत मिशन 2 की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि जिले की 34 ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य हो रहा है। इसमें और पंचायतों को शामिल किया जाए। इस बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना, नेशनल फूड सिक्योरिटी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा नेशनल लैंड रिकॉर्ड मॉर्डनाइजेशन प्रोग्राम सहित कई केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त डा. विवेक भारती, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, बीजेपी के जिला प्रधान यतेंद्र राव के अलावा अन्य मौजूद थे।

#### पानी का सदुपयोग करें नागरिकः सांसद

*भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि नागरिक पानी का सदुपयोग करें। सरकार का पूरा प्रयास है कि दक्षिणी हरियाणा में पेयजल की परेशानी ना हो। इस मौसम में हमें और अधिक जागरूकता के साथ काम करना होगा। सिंचाई विभाग लगातार पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य में लगा हुआ है। नागरिक इसमें सहयोग करें।*



नारनौल। बागवानी फसल का निरीक्षण करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## बागवानी जागरूकता कैम्प आयोजित

- बागवानी विभाग की योजनाओं के बारे में अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश अनुसार बागवानी विभाग की ओर से जिला में लगाए जा रहे बागवानी जागरूकता शिविर की कड़ी में वीरवार को खंड सिहमा के गांव गुवानी में बागवानी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया। जिला उद्यान अधिकारी डा. प्रेम ने बताया कि इन बागवानी जागरूकता कैम्प का उद्देश्य सरकार की ओर से चलाई जा रही बागवानी विभाग की योजनाओं के बारे में अवगत करवाना है। उन्होंने बागवानी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, फसलों को गर्मी से बचाने व बागवानी फसलों का रखरखाव करने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने जुलाई माह में मानसून शुरू होने पर पौधे लगाने के लिए गड्ढे तैयार करने की तकनीकी जानकारी दी, ताकि किसान योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित हो सकें। इसके साथ सभी ब्लॉक स्तर पर भी उद्यान विकास अधिकारियों की ओर से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसमें किसानों को बागवानी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। गांव गुवानी के किसान विजेन्द्र के खजूर के बाग का निरीक्षण कर किसानों को तकनीकी जानकारी के बारे में जागरूक किया।

## शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास करवा रही है सरकारः मोहित चौधरी



**नांगल चौधरी।** सरेली गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते मोहित चौधरी।

नांगल चौधरी। लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के पुत्र युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में धन्यवादी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को शहरों की तर्ज पर विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों, केंद्र व हरियाणा सरकार की ओर से कराए गए विकास कार्यों और आने वाले समय की योजनाओं पर प्रकाश डाला। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास ही उनके राजनीतिक प्रयासों का मुख्य केंद्र है। कार्यक्रम के तहत गांव बसीरपुर, कारोली, मारोली, धानोता, दनचौली, नापला, निजामपुर, नारेडी, बामनवास नौ, मुखौता, गांवड़ी, सरेली, पवेरा में भव्य जनसभाओं का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने सांसद पुत्र का फूल मालाओं से स्वागत किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पूर्व जिला अध्यक्ष व सीनियर भाजपा नेता दयाराम यादव, जोगेंद्र दनचौली चेयरमैन, मनोज सेकवाल, अश्वनी नसीबपुर, कृष्ण चेयरमैन, सत्यवीर बडेसरा आदि मौजूद थे।

## पुलिस सुरक्षा के बीच गुढ़ा पैक्स का चुनाव संपन्न

### रिजर्व कैटेगरी की दो महिलाएं निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

प्राथमिक एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी (पैक्स) गुढ़ा का चुनाव वीरवार को करवाया गया। जिसमें 14 गांवों के 27 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। 10 प्रत्याशियों ने अपने आवेदन वापस ले लिए थे। शेष बचे 17 उम्मीदवारों में से रिजर्व कैटेगरी से दो महिलाओं को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जिनमें एक महिला सुमन रसूलपुर, दूसरी महिला सुषमा चेलावास गांव से सम्बंध रखती है। पैक्स प्रबंधक राजसिंह ने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत 14 गांवों गुढ़ा, केमला, चेलावास, उन्हाणी, नांगल, मोहनपुर, रसूलपुर, पाथेडा, अगिहार, बूचावास, झगडोली, आनावास, सीगड़ा व सीगड़ी के करीब 5500 वोटों के मुकाबले चार सेल प्वाइंट पर पोलिंग बूथ बनाए गए थे। जिनमें गुढ़ा, झगडोली, पाथेडा व रसूलपुर शामिल थे। इन मतदान केंद्रों पर सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ, जो सायं चार बजे तक चला। सुरक्षित व शांतिपूर्वक मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। गुढ़ा पैक्स में कार्यरत प्रबंधक राजसिंह ने बताया कि चुनाव मैदान में डटे 17 प्रत्याशियों में से कुल 10 निदेशक चुने जाने हैं, जिसके दृष्टिगत चुनाव मैदान में तीन नॉन एग्रीकल्चर प्रत्याशी हैं। जिनमें से एक निर्वाचित होना है। इसी प्रकार एग्रीकल्चर कैटेगरी के 14 प्रत्याशियों में से सात का चुनाव किया जाना है। ऐसे हैरान परेशान उपभोक्ताओं व मतदाताओं ने पैक्स प्रबंधक तथा अन्य कर्मचारी की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े किए।

उन्होंने मतदाता सूची को लेकर उच्च अधिकारियों व सहकारिता मंत्री को शिकायत करने का निर्णय लिया। इधर जद्दोजहद के बाद एक बैंक कर्मचारी ने बताया कि वे सालभर पूर्व ही यहां बदली होकर आए हैं, जबकि उनसे पहले जो कर्मचारी था, उसने बैंक ग्राहकों से पैसे लेकर रसीदें जारी कर दी, लेकिन रिकॉर्ड दुरूस्त नहीं किया गया।

#### साफ सुथरे खाताधारकों को डिफॉल्टर घोषित करने पर बढ़ा गतिरोध

प्राथमिक एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी के चुनाव में मतदान केंद्र पर पहुंचे अनेक साफ सुथरे खाताधारक मतदाताओं के सामने उस समय विकट स्थिति उत्पन्न हो गई, जब मतदाता सूचि के सामने उनको डिफाल्टर घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी की ओर से डिफाल्टर होने की राशि अदा कर नो ड्यूज लाने का फरमान दिया गया। ऐसे में अधिकांश मतदाता ऐसे थे, जिनकी ओर से कोई लोन तथा कृषि ऋण नहीं लिया गया था। बल्कि बैंक कर्मचारियों की ओर से मनमर्जी से डिफाल्टर घोषित किया गया था। अनेक मतदाताओं के पास रकम जमा करवाएं हुए की रसीद भी थी। पैक्स कर्मचारियों ने ऐसे मतदाताओं की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का नायाब प्रयास किया। जिसे लेकर पैक्स बैंक कर्मचारियों से काफी जद्दोजहद भी हुई। काफी कहासुनी के बाद पैक्स कर्मचारियों ने रिकॉर्ड देखकर उनको नो ड्यूज प्रमाण पत्र जारी किए। इसके बाद मतदाताओं ने मतदान किया।



मंडी अटेली। श्रीराम चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भारत का युवावर्ग देश के वीर जवानों के साथः राजकुमार

मंडी अटेली। श्रीराम चेरीटेबल ट्रस्ट के पूर्व प्रधान राजकुमार ने बताया कि भारत का युवावर्ग देश के वीर जवानों के साथ है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आंतकी घटना के बाद भारत सरकार व वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के नापाक इरादों को धूल में मिला दिया है। इस समय स्थिति में युद्ध की संभावना से इन्कार भी नहीं किया जा सकता। ऐसी परिस्थिति में जय श्रीराम चेरीटेबल ट्रस्ट राता देश की सुरक्षा में लगातार तैनात और मुस्तेद वीर जवानों के लिए हमेशा जरूरत पड़ने पर अपने खून की एक–एक बूंद देने को तैयार रहेगा। भारत का किसान अपने देश के सुरक्षाकर्मियों के साथ खड़ा है। जरूरत पड़ी तो देश का किसान अपने वीरों के लिए अपने अन्न के भंडार भी खोलने को तैयार है, वहीं ट्रस्ट के मौजूदा प्रधान प्रवीण कुमार ने मीडिया को बताया कि भारत का युवावर्ग देश के वीरों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर हर परिस्थिति से निपटने को तैयार है।

*दोनों गांवों के जोहड़ों को नहरों से जोड़ा जाएगा*

## 6 करोड़ रुपये की लागत से भरे जाएंगे गांव बुडीन और जोनावास के जोहड़ः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पाइप लाईन बिछाने का कार्य का उद्घाटन करते विधायक।

सिंचाई विभाग ने अटल भूजल योजना के तहत भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए एक और कदम उठाया है। विधायक कंवर सिंह यादव ने वीरवार को गांव बुडीन व जोनावास के जोहड़ में पाइपलाइन के माध्यम से नहरी पानी पहुंचाने की परियोजना का नारियल फोड़कर कर उद्घाटन किया। इन दोनों गांव को प्रेशराइज पाईप लाइन बिछाकर उनकों नहरी पानी से जोड़कर भरा जाएगा, इसमें लगभग छह करोड़ रुपये सिंचाई विभाग द्वारा खर्च किए जाएगे। अब इन दोनों गांवों के जोहड़ों को नहरों से जोड़ दिया जाएगा। इसमें अब विभाग द्वारा नहर से जोहड़ तक अलग-अलग पाइपलाइन बिछाई जाएगी। जिला महेंद्रगढ़ में गांवों में भूमिगत जलस्तर काफी नीचे है, जो चिंता का विषय बना है। गांवों में जल संकेतक बोर्ड और पीजो मीटर भी लगे हैं। अब इन दोनों गांव के पाईप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में नहर से गांव बुडीन में बाबा बेला वाला जोहड़ और एक अन्य जोहड़ को भरा जाएगा, गांव जोनावास में जोहड़ को खुदाई कर उसको पाईप लाइन द्वारा भरा जाएगा। इस अवसर है सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता राजेश खत्री, राजेश कुमार अभियंता सिंचाई विभाग महेंद्रगढ़, एसडीओ सुरेंद्र जांगड़ा, जेई बीरेंद्र, जेई सुनील कुमार सहित अन्य सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



संसदीय बजट रिपोर्टिंग एवं लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ

### विद्यार्थियों ने सीखी संसदीय बजट की बारीकियां

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा वीरवार को पीआरएस लेजिस्लेटिव नई दिल्ली के सहयोग से संसदीय बजट रिपोर्टिंग एवं लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पीआरएस लेजिस्लेटिव नई दिल्ली की प्रोग्राम एसोसिएट यशिका खेड़िया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए बहुत ही जरूरी हैं। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता यशिका खेड़िया ने कहा है कि बजट रिपोर्टिंग संसदीय रिपोर्टिंग एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मौके पर कार्यक्रम की संयोजक डॉ. भारती बत्रा ने सभी का स्वागत किया। कार्यशाला में विभाग के शिक्षक डॉ. सुरेंद्र, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, डॉ. सुरेंद्र अन्य उपस्थित रहे।

### बत्तियां बंद कर देशहित में अपनी सामूहिक शक्ति और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया

# प्रदर्शन पर एनएचआई की दोहरी चूक ने उठाए गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





नारनौल। निजामपुर हब से जलेबी चौक खानपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग ब्लैकआउट के समय ऑन एलईडी लाइट व गांवों में लगी सौर ऊर्जा की लाइटों को कवर करते कर्मचारी व ब्लैकआउट के समय के बाद बंद लाइटों का दृश्य।

सात मई को सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी ब्लैकआउट को अभूतपूर्व सफलता मिली। सायंकाल 7:50 से 8:00 बजे तक इन दस मिनटों के लिए देशवासियों ने स्वैच्छिक रूप से बत्तियां बंद कर देशहित में अपनी सामूहिक शक्ति और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। नागरिकों और सरकारी विभागों की अनुकरणीय भागीदारी इस ब्लैकआउट के आह्वान पर शहरों से लेकर दूरदराज के गांवों तक नागरिकों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लाइटें बंद रखी। सरकारी कार्यालयों ने भी इस मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने परिसर को अंधकारमय रखकर इस प्रयास को पूर्ण समर्थन दिया।

***एनएचआई की चूक, जलती रहीं डिस्प्ले एलईडी :*** *जहां एक ओर लगभग सभी स्तरों पर इस ब्लैकआउट का कड़ाई से पालन किया गया। वहीं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रबंधन में एक उल्लेखनीय चूक सामने आई। एनएचआई ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली अधिकांश मुख्य लाइटों को तो बंद कर दिया था जोकि प्रशंसनीय कदम था। हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग जो निजामपुर से जलेबी चौक खानपुर मिलता है उस रोड पर यात्रियों की सूचना और सुविधा के लिए लगी महत्वपूर्ण डिस्प्ले एलईडी स्क्रीनों को संबंधित कर्मचारी बंद करना भूल गए। ये चमकदार एलईडी स्क्रीनें ब्लैकआउट के दौरान भी निरंतर जलती रही जो इस अन्यथा संपूर्ण और सफल प्रयास में एक खटकने वाली कमी के रूप में दर्ज हुई। इस चूक से भी अधिक गंभीर मामला ब्लैकआउट समाप्त होने के बाद देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि आठ बजे ब्लैकआउट का समय समाप्त हो जाने के काफी देर बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग 148बी जलेबी चौक खानपुर पर लाइटें दोबारा नहीं जलाई गई। इस कारण राजमार्ग पर घना अंधेरा पसरा रहा।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005